# आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 12.08.2024 समय : 1905

<><><><><><><><>

- स्वतंत्रता दिवस और कल पोर्ट ब्लेयर में आयोजित होने वाले फुल ड्रेस रिहर्सल के लिए यातायात प्रबंध किए गए हैं।
- आयुक्त व सचिव नन्दिनी पालीवाल ने महिलाओं से अपनी कौशल का सही इस्तेमाल करते हुए स्वावलंबी बनने का अनुरोध किया है।
- डेरीफार्म जंक्शन से भातुबस्ती जंक्शन तक रात के समय हाई बीम का इस्तेमाल न करने के संबंध में यातायात पुलिस ने परामर्श जारी किया है।
- दक्षिण अंडमान शैक्षिक अंचल के स्कूली विद्यार्थियों के विभिन्न आयु वर्ग के लड़के और लड़कियों का फुटबॉल का फाइनल मैच आज खेला गया।

<><><><><><><><>

स्वतंत्रता दिवस और कल पोर्ट ब्लेयर में आयोजित होने वाले फुल ड्रेस रिहर्सल के लिए यातायात प्रबंध किए गए हैं। उप–राज्यपाल के वाहन सहित पी–ग्रीन कार्डधारकों को नेताजी स्टेडियम के भीतर पार्किंग करने की व्यवस्था की गई है। पी–पिंक कार्डधारकों को अंडमान क्लब और नेताजी स्टेडियम के नजदीक अपने वाहन पार्क करने होंगे। पी–कार्डधारक वाहनों को सुबह साढ़े आठ बजे तक समारोह स्थल पर पहुंचना होगा। मुख्य अतिथि के जाने के बाद पी–कार्डधारक वाहनों को स्काउट हट जंक्शन और अनिडको कार्यालय के रास्ते अपने गंतव्य की ओर रवाना होना होगा। पी–वन पार्किंग लेबल वाले वाहनों को मॉडल स्कूल और घंटाघर होकर नेताजी स्टेडियम में आने की अनुमति होगी। बिना पार्किंग लेबल के

सभी वाहनों को जल–क्रीड़ा परिसर के नजदीक और गर्ल्स स्कूल पार्किंग पर वाहन खड़े करने होंगे। अबरडीन बाजार से साउथ प्वाइंट की ओर जाने वाले वाहनों को मॉडल स्कूल, बंगाली क्लब, गोलघर, सचिवालय जंक्शन, पुलिस लाईन और नया गांव के रास्ते जाने की अनुमति होगी। कल और पन्द्रह अगस्त को सुबह सात बजे से दिन में ग्यारह बजे तक किसी भी भारी वाहन, निजी और एस टी एस के बसों को सेल्युलर जेल की ओर जाने की अनुमति नहीं होगी और इन्हें बंगाली क्लब से अन्य मार्गों की ओर भेजा जाएगा। साउथ प्वाइंट से अबरडीन बाजार आने वाले वाहनों को शादीपुर, पुलिस लाईन और गोलघर के रास्ते आना होगा। सुबह साढ़े आठ बजे के बाद किसी भी वाहन को वाई नारायण जंक्शन, आर के मिशन, फायर ब्रिगेड और जल क्रीड़ा जंक्शन से समारोह स्थल की ओर जाने की अनुमति नहीं होगी। जी बी पंत अस्पताल जाने वाले वाहनों को गांधी स्टैच्यू, मरीन गेट, सिष्टी नगर, डिगनाबाद, सी–शोर मार्ग से अस्पताल के बाहरी गेट से प्रवेश करने दिया जाएगा। बंगाली क्लब से घंटाघर, जिमखाना क्रॉसिंग, राउंड बस्ती होते हुए भी अस्पताल जाने के लिए व्यवस्था की गई है। एम्बुलेंस और आपात सेवा के वाहनों को ही वाई. नारायण जंक्शन, सेल्यूलर जेल के रास्ते अस्पताल जाने की अनुमति होगी। अबरडीन जेट्टी से नेताजी सुभाषचन्द्र बोस द्वीप, नॉर्थ बे के लिए संचालित होने वाले निजी पर्यटक जलयानों को कल और पन्द्रह अगस्त को जंगलीघाट जेट्टी से संचालित करना होगा।

<><><><><><><>

आयुक्त व सचिव नन्दिनी पालीवाल ने महिलाओं से अपनी कौशल का सही इस्तेमाल करते हुए स्वावलंबी बनने का अनुरोध किया है। आज पोर्ट ब्लेयर में भारतीय स्टेट बैंक की ग्रामीण स्वरोज़गार प्रशिक्षण संस्थान में सिलाई पर महिलाओं के लिए आयोजित एक माह के उद्यमिता विकास कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वे अपने विचार व्यक्त कर रही थी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन इन चुनौतियों के बावजूद वे हर हालात से पार पाने मे सक्षम है। उन्होंने कहा कि महिलाएं सशक्त होंगी, तो उनमे आत्मविश्वास बढ़ेगा।

भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक सिद्धार्थ गुप्ता ने उपस्थिति का स्वागत करते हुए आरसेती के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि द्वीपों में दो हजार आठ में इसकी स्थापना की गई थी और अब तक एक सौ बहत्तर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। साढ़े छः हजार से अधिक लोगों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इनमें से साठ से सत्तर प्रतिशत महिलाओं ने अपना कारोबार भी शुरू किया है। इस अवसर पर आरसेती के निदेशक आर. राज ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान आवेदन कर चुकी पांच प्रशिक्षणार्थियों को एक–एक लाख रूपये की मुद्रा ऋण की स्वीकृति चेक प्रदान किया गया। कार्यक्रम में कुछ प्रशिक्षणार्थियों ने भी अपने विचार रखे। दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त और ग्रामीण विकास सचिव अर्जुन शर्मा कार्यक्रम में सम्माननीय अतिथि थे।

<><><><><><><>

डेरीफार्म जंक्शन से भातुबस्ती जंक्शन तक रात के समय हाई बीम का इस्तेमाल न करने के संबंध में यातायात पुलिस ने परामर्श जारी किया है। इसमें कहा गया है कि ये क्षेत्र वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के नजदीक है और रात के समय वाहन चालकों द्वारा हाई बीम का इस्तेमाल करने से पायलट को देखने में असुविधा हो सकती है, विशेषकर विमान के उतरने और उड़ान भरने के दौरान। किसी भी संभावित खतरे को रोकने के लिए सभी वाहन चालकों से कहा गया है कि वे रात के समय इस मार्ग पर हाई बीम का इस्तेमाल न करें। परामर्श का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। पहली गलती पर पांच सौ रूपये का जुर्माना लगाया जाएगा। सड़क का इस्तेमाल करने वाले लोगों से परामर्श का पालन करने और सहयोग करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की पच्चीस तारीख को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ तेरहवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम के लिये लोगों से विचार और सुझाव टोल फ्री नम्बर–1800 11 7800 पर आमंत्रित हैं। नरेन्द्र मोदी ऐप या माई जीओवी ओपन फोरम पर भी विचार साझा किए जा सकते हैं। विचार और सुझाव इस महीने की तेईस तारीख तक स्वीकार किए जाएंगे।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान शैक्षिक अंचल के स्कूली विद्यार्थियों के विभिन्न आयु वर्ग के लड़के और लड़कियों का फुटबॉल का फाइनल मैच आज खेला गया। भातुबस्ती

स्कूल मैदान में खेले गए फाइनल मैच में लड़कियों के सत्रह वर्ष आयु वर्ग में गर्ल्स स्कूल की टीम ने जी डी एम एस को चार–शून्य से हराया। लड़कों के चौदह वर्ष आयु वर्ग में एन सी एस की टीम ने वी के वी को चार–शून्य से पराजित किया, लड़कों के उन्नीस वर्ष की श्रेणी मे गाराचरमा ने निर्मला स्कूल को छः–पांच से मात दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सहायक शिक्षा अधिकारी ज्ञानशील दुबे, सम्माननीय अतिथि भातुबस्ती स्कूल के उप–प्रधानाचार्य डी. पुष्पाराज, विशेष अतिथि उप–शिक्षा निदेशक इरसाद अहमद और बिश्वनाथ सेन ने विजेता और उप–विजेता टीम को ट्रॉफी भेंट की।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में प्राकृतिक कृषि की संभावनाएं और चुनौतियों पर कल क्यारी में राज्य स्तरीय कार्यशाला व संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। कल सुबह साढ़े नौ बजे आयोजित होने वाले कार्यशाला में मुख्य सचिव केशव चन्द्र मुख्य अतिथि होंगे।

<><><><><><>

कार निकोबार में भारी वर्षा हुई। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक इस क्षेत्र में अस्सी दशमलव आठ मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। मायाबंदर में अट्ठारह, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में तेरह, पोर्ट ब्लेयर मे नौ दशमलव छः, हटबे में तीन दशमलव दो और ननकौड़ी में एक दशमलव चार मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

<><><><><><>